**प्रेसनोट**

**अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या।**

**दिनांकः 15.03.2023**

**नवागत पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या श्री प्रवीण कुमार**

आज दिनांकः 15.03.2023 को नवागत पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र श्री प्रवीण कुमार द्वारा पद भार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये एवं पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता की गयी।

इस अवसर पर नवागत पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या श्री प्रवीण कुमार ने कहा कि–

''अयोध्या परिक्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है। परिक्षेत्र में पड़ने वाले सभी जनपदों में आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना–पत्रों का समयबद्ध व सही तरीके से निस्तारण, अपराधियों की सूची बनाकर सतत् निगरानी रखना एवं उनके विरूद्ध कार्यवाही कराना, पॉक्सो एक्ट में चिन्हित् केसों का निस्तारण कराना, जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन कराना, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कराना तथा अच्छा कार्य करने वाले बीट आरक्षी एवं पुलिस कर्मी को पुरस्कृत भी किये जाने की नीति अमल में लायी जायेगी। मेरे द्वारा अयोध्या परिक्षेत्र के जनपदों अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व दोषियों को सजा दिलाना, सुचारू एवं सुगम यातायात व्यवस्था, माफिया एवं गैंगेस्टर के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही एवं उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।''